सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

9वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – 110092

सत्र – 2024–2025

कक्षा :– तीन	विषय – हिन्दी	पाठ – 3 (सच्चे मित्र)

–: कठिन शब्द :–

1. क्रोध
2. खर्राटे
3. मंटु
4. धड़ाम
5. धन्यवाद
6. ऊँची
7. जिम्मेदारी
8. बाँग
9. बढ़िया
10. दावत

–: लघुत्तरीय प्रश्न :–

प्रश्न – 1 दूसरे जानवरों से नाराज होकर मंटु कहाँ चला गया?

उत्तर – वह दूसरे जानवरों से नाराज होकर थोड़ी दूर निकल गया। जहाँ उसने दाने पड़े हुए देखे।

प्रश्न – 2 मंटु ने बाँग न देने का फैसला क्यों किया?

उत्तर – उसकी खराब आवाज सुनकर सभी जानवर हँसने लगे थे। इसलिए उसने बाँग न देने का फैसला किया।

प्रश्न – 3 लोमड़ी ने मंटु को देखकर क्या सोचा?

उत्तर – लोमड़ी ने मंटु को देखकर सोचा इतना मोटा–ताजा मुर्गा आज यह मेरा भोजन बनेगा।

प्रश्न – 4 मंटु ने दूसरे जानवरों से माफी क्यों माँगी?

उत्तर – मंटु ने दूसरे जानवरों से माफी इसलिए माँगी क्योंकि उसने उनके बारे में गलत सोचा था, परन्तु वह वास्तव में उसके सच्चे मित्र निकले।

—: दीर्घ उत्तरीय प्रश्न :—

प्रश्न – 1 मंटु की सहायता किस–किस ने की?

उत्तर – मंटु की सहायता गाय तथा गधे ने की।

प्रश्न – 2 गधे ने मंटु से क्या कहा?

उत्तर – गधे ने मंटु से कहा "मंटु तेरी आवाज को क्या हो गया? लगता है रात कहीं बढ़िया दावत की है।

प्रश्न – 3 खरगोश ने मंटु के नाराज होकर जाने पर क्या कहा?

उत्तर – खरगोश ने कहा – "अरे भाई मंटु को नाराज क्यों कर दिया? अब कल बाँग कौन देगा? छोड़ो कल की कल देखेंगे।

प्रश्न – 4 गाय, लोमड़ी को देखकर क्या बोली?

उत्तर – गाय, लोमड़ी को देखकर बोली – अच्छा, तू हमारे मंटू को खाएगी। मैं अपने सींगों से तेरा पेट फाड़ दूँगी।

—: वाक्य प्रयोग :—

क. **क्रोध –** गुस्सा

वाक्य – हमें कोई भी फैसला क्रोध में नहीं करना चाहिए।

ख. **बाँग देना –** मुरगों की बोली

वाक्य – मुरगा की बाँग सुनकर सभी जाग जाते है।

ग. **खर्राटे –** नींद में नाक से निकलने वाली आवाज

वाक्य – रमेश के पिताजी सोते समय खर्राटे लेते है।

घ. **धड़ाम से –** ऊँची आवाज से

वाक्य – राधा सड़क पर धड़ाम से गिर गई।